हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 19 .2 डिग्री
न्यूनतम 1.9 डिग्री

10 गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, छात्रों ने मचाया ...



10 मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर 160 रक्तदाताओं ...



## खबर संक्षेप

### पानीपत में किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना क्षेत्र के एक गांव में परिवार के साथ निवास कर रही मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला निवासी तेरह वर्षीय नाबालिग लड़की लापता हो गई है। लड़की की मां ने पड़ोसी युवक बादशाह पर उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। इधर, महिला की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया और आरोपी बादशाह व लड़की की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

### चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड स्थित एक कॉलोनी में युवक ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर जब उसकी मां की आंख खुली तो आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी शंभू नाथ मंडल के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बांसेरा पार्क में 14 फरवरी से डीडीए ग्रीन एक्सपो

**करनाल।** दिल्ली विकास प्राधिकरण चौदह और पंद्रह फरवरी को बांसेरा पार्क, नई दिल्ली में पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो दो हजार छब्बीस आयोजित करेगा। डीडीए के अनुसार यह आयोजन स्थिरता, शहरी हरियाली और प्रकृति आधारित समाधानों पर केंद्रित रहेगा, जिसमें प्रदर्शनियों, लाइव प्रदर्शनों और विशेषज्ञ सत्रों के माध्यम से सतत शहरी विकास से जुड़े नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया जाएगा।



**पिहोवा।** कार्यक्रम में शामिल मनाते भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी, प्रिंस मंगला व अन्य कार्यकर्ता।

### गायों को चारा खिलाकर मनाया सीएम का जन्मदिन

**पिहोवा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम नायब सिंह सैनी का जन्मदिन धार्मिक और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। भाजपा मंडलाध्यक्ष प्रिंस मंगला की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गोशाला पहुंचकर गायों को चारा व गुड खिलाकर सीएम के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने अपने प्रतिष्ठान पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटकर व लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया।

### घर से 17 लाख के जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह में घर से करीब 17 लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी से बने जेवर चोरी हो गए। वहीं, घर मालिक रोहित ने अपने घर की नौकरानी पर चोरी का शक जताया है। औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में रोहित ने बताया कि उनके घर से दस जनवरी को सोने के आभूषण और चांदी के सिक्के चोरी हो गए हैं। रोहित ने बताया कि उन्होंने तेइस जनवरी को अपने घर का सामान जांचा तो गहनें व चांदी के सिक्के चोरी होने का पता चला। रोहित ने बताया कि उनके घर से सोने की एक चेन, एक कड़ा, दो अंगूठी और तीन जोड़ी कान की बालियां, चांदी के सिक्के गायब मिले। उन्होंने चोरी के लिए अपनी नौकरानी शिक्षा को जिम्मेदार ठहराया है। इधर, पुलिस ने केस दर्ज किया और घटनास्थल की जांच की।

## करनाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री, मीडिया से की बातचीत

# दिल्ली से करनाल तक रैपिड ट्रेन चलना तय, जल्द ही डीपीआर तैयार कर कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगीः मनोहरलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर देर रात करनाल में पहुंचे। सुबह उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए संगठन, विकास योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय, विपक्षी बयानों और राष्ट्रीय मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। मंत्री ने गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार का फोकस विकास, युवाओं को आगे बढ़ाने और लंबित परियोजनाओं को गति देने पर है। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली से करनाल तक रैपिड ट्रेन परियोजना पर कहा कि दिल्ली से करनाल तक रैपिड ट्रेन चलना तय हो चुका है। जल्द ही इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी और उसके बाद कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगी।


**करनाल।** मीडिया से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### सीएम पूरी निष्ठा से कर रहे हैं काम

मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भूपेंद्र हुड्डा के हरियाणा के दो माली वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैं, जो पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब में भी बेहतर काम कर रहे हैं। मंत्री ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर भी तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर यह अच्छा है कि वे भी अब भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के पदचिन्हों पर चलने लगे हैं। मनरेगा को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के हित में है और उनके लिए फायदेमंद है। नाम बदलने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, पहले भी नाम बदले गए हैं।

### करनाल रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भेजा

करनाल रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने बताया कि इस संबंध में प्रस्ताव रेलवे विभाग को भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि जैसे पानीपत रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा दी गई है, उसी तरह करनाल स्टेशन पर भी जल्द यह सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है और देश का पूरा दारोमदार अब युवा शक्ति पर है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, जो एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी कई मुख्यमंत्री और मंत्री युवा रहे हैं और उन्होंने बेहतर काम किया है।

### बजट से हरियाणा को कई सौगात मिलेगी

केंद्रीय बजट को लेकर मंत्री ने कहा कि बजट पूरे देश को ध्यान में रखकर बनाया जाता है और इसका लाभ हर राज्य को मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले बजट से हरियाणा को भी अच्छी सौगात मिलेगी। एसवाईएल नहर के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि आने वाली बैठक में इसका समाधान निकाला जाना चाहिए।

## राजस्थान पुलिस की कार्रवाई, नाबालिग लड़की केस से जुड़ा है मामला

### लड़का कॉलेज के छात्रावास में छुपकर रह रहा था

# करनाल में मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से युवक धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित मेडिकल छात्रावास में राजस्थान राज्य की पुलिस टीम ने दबिश देकर एक युवक को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि संबंधित युवक कॉलेज के छात्रावास में छुपकर रह रहा है और वह नाबालिग लड़की से जुड़े मामले में जरूरी जानकारी रखता है। इसी इनपुट के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया और अपने साथ ले गई।

जानकारी के अनुसार राजस्थान पुलिस सुबह से ही आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि युवक करनाल में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में छिपा हुआ है। सूचना पुख्ता होने के बाद टीम ने बिना किसी शोर-शराबे के कार्रवाई करते हुए युवक को मौके से काबू कर लिया। पुलिस का कहना है आरोपी से पूछताछ की जा रही है।


**करनाल।** मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से अपने साथ पकड़कर ले जाती राजस्थान पुलिस।

### प्राइवेट गाड़ी से आई थी राजस्थान पुलिस टीम

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम सिविल ड्रेस में थी और प्राइवेट गाड़ी का इस्तेमाल किया गया, ताकि किसी को शक न हो। हॉस्टल में पहुंचते ही युवक को पहचान कर काबू कर लिया गया।

### आरोपी राजस्थान से करनाल आ गया

राजस्थान पुलिस के अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि आरोपी राजस्थान से भागकर करनाल आ गया था और मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में छुपकर रह रहा था। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम सिविल ड्रेस में थी और किसी को शक न हो, इसके लिए प्राइवेट गाड़ी का इस्तेमाल किया गया। हॉस्टल में पहुंचते ही युवक की पहचान कर उसे तुरंत काबू कर लिया गया।

### युवक को फिलहाल पूछताछ की जा रही

पुलिस अधिकारी के अनुसार युवक को फिलहाल पूछताछ के लिए साथ ले जाया गया है। पूछताछ के दौरान नाबालिग लड़की से जुड़े पूरे मामले की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नाबालिग लड़की से जुड़े मामले में वांटेड था

पुलिस के मुताबिक आरोपी नाबालिग लड़की से जुड़े एक मामले में वांटेड था। हालांकि लड़की को किसी अन्य व्यक्ति ने भगाया था, लेकिन यह युवक उस लड़की और लड़के के बारे में अहम जानकारी रखता था, क्योंकि लड़का इसका कोई रिलेटिव है। पुलिस उससे पूछताछ करना चाहती थी, लेकिन डर के कारण वह राजस्थान से फरार हो गया था।

## यमुनानगर के गांव मोहियुदीनपुर नगला में वारदात

# कहासुनी पर चाचा-भतीजी पर कुल्हाड़ी और गंडासी से हमला कर किया घायल

*घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, चार लोगों पर मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कहासुनी होने पर परिवार के कुछ लोगों ने चाचा भतीजी पर कुल्हाड़ी व गंडासी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मोहियुदीनपुर नगला निवासी नाजर ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही अकरम व तासीम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। नाजर ने बताया कि 22 जनवरी को शाम सात बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान आरोपी अकरम व तासीम ने अपने पिता रोशनदीन व मां रिशा के साथ मिलकर उस पर कुल्हाड़ी व गंडासी से हमला कर दिया। जब उसकी भतीजी सोहिना उसे आरोपियों से छुड़वाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसे भी पीट कर घायल कर दिया। हमले में वह दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### पानी निकासी को लेकर हुए झगड़े में व्यक्ति को किया घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी की बसंत नगर निवासी राजीव चड्ढा ने बताया कि 19 जनवरी को उसका कॉलोनी के ही रामचंद्र व उसके लड़के के साथ पानी निकासी को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जल्द आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

# नकदी लेते नेता का वीडियो वायरल, हड़कंप

*ड्रेन में केमिकल युक्त पानी डालने वाले से पांच हजार की रिश्वत लेने का आरोप*

**पानीपत।** एक नेता का केमिकल युक्त पानी से भरे टैंकर-ट्रैक्टर के चालक से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। आरोप है कि नेता ने बाबरपुर ड्रेन में अवैध रूप से केमिकल वाला पानी डालने की एवज में टैक्टर चालक से वसूली कर रहे है। इधर, वीडियो वायरल होने के बाद इस केस की शिकायत व वीडियो पुलिस तक भी पहुंच गया। दूसरी ओर, मामला सोशल मीडिया पर छाने के बाद उन्होंने नकदी, ट्रैक्टर चालक को लौटा दी। दूसरी ओर नेता ने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। राजनीति में मेरी टांग खिंचाई की जा रही है। उन वीडियो को भी तरोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उनका दावा है कि जिस ट्रैक्टर चालक से वे नकदी ले रहे है उनसे उनका पूराना लेनदेन है। चालक ने उन्हें रुपये देने के लिए उनके मोबाइल पर कॉल कर बुलाया था। वहीं, मैंने ट्रैक्टर चालक को ड्रेन में केमिकल युक्त पानी डालते पकड़ लिया था। वीडियो के सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद पार्टी हाईकमान ने इस संबंध में जानकारी मांगी है। इधर, थानेदार बापौली थाना वीरेंद्र ने बताया कि शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली


**पानीपत।** आईबीपीजी. कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस., एनसीसी, यूथ रेड क्रॉस और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ कॉलेज की प्रबंध समिति के सदस्यों परमवीर ढींगरा उप-प्रधान आईबी सोसाइटी, रवि गोसाई सचिव आईबी सोसाइटी, रमेश नागपाल कैशियर, युधिष्ठिर मिगलानी कार्यकारिणी सदस्य, कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, यूथ रेड क्रॉस अधिकारी डॉ जोगेश, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान न केवल हमारा संवैधानिक अधिकार है, बल्कि यह एक नैतिक कर्तव्य भी है और एक जागरूक नागरिक वही है जो निष्पक्षता एवं सूझबूझ से अपने मत का प्रयोग करता है। वहीं, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने मताधिकार का उचित उपयोग करेंगे।

### पानीपतः गंभीर चोट मारने वाला पकड़ा



**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने राणा माजरा गांव के पास ट्रैक्टर सवार गांव कुटानी निवासी कृष्ण लाल का रास्ता रोककर मारपीट व कस्सी से गंभीर चोट मारने के दूसरे आरोपी मुस्तफा निवासी गांव भरल जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। थानेदार सनौली वेदपाल ने बताया कि इस केस में कुटानी गांव निवासी वजीर पुत्र सूरजमल की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द में केस दर्ज है।

# नलकूपों से बिजली की मोटरें चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ सेल ने किसानों के नलकूपों से बिजली की मोटरें चोरी करने आरोप में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने 21 नलकूपों से मोटरें चोरी करने की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी की गई मोटरें बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। स्पेशल स्टाफ सेल के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध आरोपी करेड़ा हाईवे पुल के नीचे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक जसविंदर सिंह के नेतृत्व में राजकुमार, लोकेश, कुलदीप और रजनीश की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां घूम रहे तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान लोकेश, अमित उर्फ मलकीत व रजत उर्फ तल्ला के रुप में हुई। जांच टीम ने तुरंत आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया।



### चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** गांव रतनपुरा में चोरों ने एक साथ तीन किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रतनपुरा निवासी सुखविंदर सिंह ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी की शाम को वह अपने खेतों से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह खेतों में गए तो उसे ट्यूबवेल के कमरे का लगा ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर अंदर से मोटर गायब मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विवाहिता और बच्चे को घर से निकाला

**समालखा।** थाना समालखा की हथवाला पुलिस चौकी ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति अंकित, सास कृष्णा, ससुर रामकरण, जेठ अमित पर केस दर्ज किया है। विवाहिता का आरोप है कि उसका विवाह, राहुल के साथ हुआ था। हादसे में राहुल की मौत के बाद उसका विवाह देवर अंकित के साथ कर दिया गया। विवाहिता का आरोप है कि राहुल के केस में मिले क्लेम की राशि के साथ तीन लाख रूपये सुसराल वालों ने हड़प लिए और उसे घर से निकाल दिया। इधर, पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

- राहुल के केस में मिले क्लेम की राशि तीन लाख हड़पने का आरोप

## पुलिस सभागार में विशेष कार्यक्रम में एसपी शेखावत ने प्रशस्ति पत्र दिए

*ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया*

# कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों की धरपकड़ और जनसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 66 पुलिस कर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने पुलिस सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय कार्य करने वाले 66 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया । समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उन पुलिस कर्मियों की सराहना की जिन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों की धरपकड़ और जनसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



सम्मानित होने वालों में जिला अंबाला की सीआईए टीमों को संगठित अपराधों पर कड़ा प्रहार करने, जबरन वसूली करने वालों का सफाया करने,ब्लाइंड मर्डर के मामले सुलझाने, अवैध हथियार तस्करों को काबू करने तथा नशा तस्करों को काबू करने में सफलता पाई है।

### नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करने पर सम्मान

आर्थिक अपराध शाखा द्वारा बड़े ठगों को काबू कर लाखों रुपये बरामद करने के लिए ,थाना अंबाला छावनी पुलिस टीम को चोरी की बड़ी वारदातों को सुलझाने के लिए, थाना महेश नगर टीम को प्राकृतिक आपदा बाढ़ के दौरान साहसिक कार्य करने हेतु, एएनसी टीम को नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार करने के लिए,साइबर पुलिस थाना टीम को साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए बरामद करने के लिए सम्मानित किया गया।

### पुरस्कार ईमानदारी से कार्य करने को करता है प्रेरित

पुलिस अधीक्षक द्वारा आज 66 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, इस प्रकार का सम्मान न केवल संबंधित कर्मचारी का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों को भी पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

### कट्टे व कारतूस के साथ पकड़ा



**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने बबैल रोड गंदा नाला भैसवाल मोड़ पर अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ बादशाह खान पुत्र मोहम्मद युनोश निवासी जिनतपुर किशनगंज बिहार हाल संदीप मलिक कॉलोनी नजदीक कृष्णा गार्डन को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन के थानेदार फूल कुमार ने बताया कि आरोपी बादशाह खान के खिलाफ थाना सेकक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवा कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध : गोयल


यमुनानगर। वाहनों की जांच करते हुए सुरक्षा कर्मचारी।

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल समारोह को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

77वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर शहर के तेजली खेल परिसर में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन ने जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं। जिला की सीमाओं, चौक चौराहों, भीड़ भरे स्थानों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिला के सभी बॉर्डर एरिया पर पुलिस के चार नाके तथा शहर के अंदर 16 नाके लगाए गए हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबद करने के लिए एक हजार से अधिक पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वहीं, सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल व महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन व ग्लाइडर उड़ाने पर पाबंदी रहेगी।

**विज करेंगे ध्वजारोहण**

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं, छछरौली, बिलासपुर व रादौर में उपमंडलस्तरीय गणतंत्र समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## पौधरोपण कर मनाया मुख्यमंत्री सैनी का जन्मदिन

रादौर। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 56 वें जन्म दिन पर रविवार को सैनी समाज रादौर द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में किया गया। मौके पर महाराणा प्रताप पार्क में 10 पौधे लगाकर वातवारण हराभरा रखने का संदेश दिया गया। संदीप सैनी ने कहा कि हर वर्ष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन की खुशी में पौधारोपण अवश्य करते है।

## ध्यान साधना आमजन को बना देती है देवतुल्य:भारती

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने धर्मशाला में किया ध्यान साधना कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। ध्यान साधना कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी की मक्खन लाल शिब्बूमल धर्मशाला में रविवार को ध्यान साधना कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्थान की साध्वी राधिका भारती ने साध संगत को ध्यान साधना के महत्व को समझाया। मौके पर भजन संकीर्तन का भी आयोजन किया गया।साध्वी राधिका भारती ने फरमाया कि ध्यान साधना वह मृतसंजीवनी है जो मन के विकारों को समूल विनष्ट करके साधारण मानव को देवतुल्य बना देती है। ध्यान साधना के दौरान एक साधक केवल आंख बंद करके नहीं बैठता है। बल्कि वह अपने मन के विकारों एवं कर्म संस्कारों से लड़ता हुआ आत्म साक्षात्कार की अवस्था को प्राप्त करता है। अंतःकरण में ही परमात्मा के दिव्य प्रकाश एवं अनहद नाद का अनुभव करते हुए उसकी आत्मा सदैव आनंदित होती है। एक आनंदित आत्मा की ऊर्जा अत्यधिक प्रभावशाली होती है। जिसमें अपने आस पास फैली नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने का सामर्थ्य होता है। कई साधक मिलकर जब ऐसी ध्यान साधना में अपनी आहुति डालते हैं तो वह सकारात्मक ऊर्जा पुंज ही ब्रह्मांड की दिव्य तरंगों को धरा पर आकर्षित करता है। जिससे प्रेम, करूणा, धैर्य, क्षमा व विवेक जैसे गुणों का संचार होता है। आज संपूर्ण विश्व में नकारात्मक तरंगों का अंधकार फैला हुआ है।

## सफलता के लिए अनिवार्य रूप से प्राप्त करें शिक्षा : चौहान

- जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा बालकुंज छछरौली में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। बालिकाओं को जागरुक करते हुए मोना चौहान।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर व बाल कुंज के संयुक्त तत्वावधान में बालगृह छछरौली में रह रही बालिकाओं के लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार और शारीरिक और मानसिक शोषण से बचाव विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल कुंज की अधीक्षक मोना चौहान ने की।

अधीक्षक मोना चौहान ने कहा कि बालिकाओं को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने व जीवन में सफलता हासिल करने के लिए शिक्षा अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने बालिकाओं को समझाया कि वह अपने मानसिक विकास को ओर गति दें। मौके पर चौहान ने बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की भी जानकारी दी। अधीक्षक मोना चौहान ने कहा कि बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए। यदि उनका मानसिक शोषण होता है तो वह उसकी तुरंत जानकारी दें। उन्होंने बालिकाओं को समझाया कि जीवन में उन्हें शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। इस अवसर पर नीना रानी, राजविंद्र कौर, तेजिन्द्र कौर, सरिता, खुशबू, रीना, महिंद्रो, कमलेश, रिंप्पी आदि मौजूद रही।

## वेस्ट से बेस्ट बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



यमुनानगर। नगर निगम यमुनानगर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम द्वारा एमएलएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल माडल टाउन में वेस्ट टू आर्टस गतिविधि का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, रीसाइक्लिंग एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढाना रहा। स्वच्छ भारत मिशन आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश कुमार व सहयोगी गगन बेनीवाल ने वेस्ट सामग्री के पुनः उपयोग (रीयूज) और कचरा प्रबंधन की जानकारी दी। आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार ने गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू कचरा, सैनिटरी वेस्ट और ई.वेस्ट के पृथक्करण की सही प्रक्रिया बताई।































## मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आज करेंगे ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी, पुलिस लाइन में दिखेगा देशभक्ति का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व के एक-एक क्षण को यादगार बनाना है। इस कार्यक्रम को भव्य और परम्परागत ढंग से मनाने के लिए सभी के सांझे सहयोग की जरूरत होगी। इस कार्यक्रम की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और समय रहते सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां पूरी करनी सुनिश्चित करेंगे। अहम पहलू यह है कि गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम 26 जनवरी को पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा रविवार को पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान बोल रहे थी। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया। इसके उपरांत फाईनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। परेड का निरीक्षण करने के उपरांत मार्च पास्ट में शामिल जवानों की सलामी ली। विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर और मनमोहक योगासन और पीटी शो का प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ पुलिस जवानों व एनसीसी के बच्चों ने भी मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी है।

### मैक्स जूनियर स्कूल भाई कॉम्प्लेक्स में मनाया गणतंत्र दिवस




**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड स्थित माँ भद्रकाली मंदिर के समीप, मैक्स जूनियर स्कूल भाई कॉम्प्लेक्स में बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की वंदना से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग की सजावट से सजाया गया और बच्चों ने कविताएँ, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके पश्चात गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और भाषणों के माध्यम से देश के प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट किया।

### 11 जरूरतमंद बेटियों का कराया सामूहिक विवाह

**कुरुक्षेत्र।** बसंत पंचमी एवं बालिका दिवस के पावन अवसर पर पिहोवा में समाजसेवियों द्वारा मानव सेवा की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की गई। नगर के टढ फार्म में आयोजित कार्यक्रम में 11 अति जरूरतमंद गरीब परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। समाजसेवियों के संयुक्त सहयोग से न केवल विवाह की संपूर्ण व्यवस्थाएं की गईं, बल्कि प्रत्येक बेटी को गृहस्थी का आवश्यक सामान व उपहार सामग्री भी प्रदान की गई, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपने नए जीवन की शुरूआत कर सकें।

### माता शाकुंभरी देवी मंदिर सेवा समिति का चुनाव संपन्न, नरेश बने प्रधान

**लाडवा।** माता शाकुंभरी देवी मंदिर सेवा समिति के प्रधान पद का चुनाव रविवार को लाडवा के बन मोड़ के समीप स्थित माता शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नरेश गर्ग को आगामी दो वर्षों के लिए समिति का प्रधान चुना गया। समिति के संरक्षक हरबिलास गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई। चुनाव अधिकारी के रूप में समिति के संरक्षक सत्य प्रकाश शर्मा को नियुक्त किया गया।

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों से समाज को जोड़ने का कार्य कर रहे मुख्यमंत्री : सत्यप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

■ श्री गुरु रविदास जयंती समारोह का ग्रामीणों को आमंत्रण दिया

शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता और भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने ग्राम पंचायत संभालखी और छोड़पुर का दौरा किया। इन जनसभाओं को संबोधित करते हुए किया अनुसुचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश और सुभाष कलसाना ने ग्रामीणों को 31 जनवरी को उमरी में आयोजित होने जा रही प्रदेश स्तरीय श्री गुरु रविदास जयंती समारोह का ग्रामीणों को आमंत्रण दिया और इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं की डयूटियां भी लगाई। सत्यप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। सत्यप्रकाश ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार संतों, गुरुओं और महापुरुषों की जयंती को प्रदेश स्तर पर मनाकर समाज को जोड़ने का अनुकरणीय कार्य कर रही इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, तंगोर मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा, सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, एडवोकेट मनदीप रावा, पार्षद अमृतलाल, पार्षद दीपक आनंद, हरसिमरण सिंह सिद्धू, ब्लॉक समिति सदस्य तिलक राज, नरेन्द्र सरपंच बड़ाम, मान सिंह देसवाल, बिट्टू थडोली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**शाहबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते अनुसुचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश व सुभाष कलसाना।

### पंच दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ 28 से

**पिहोवा।** भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सान्निध्य में गांव धनीराम पुरा स्थित मां पीतांबरा पीठ में 29वां पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंदिर परिसर व यज्ञ मंडप को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मंदिर सेवादारों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जानकारी देते हुए पीतांबरा पीठाधीश महंत भीम पुरी ने बताया कि 28 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले इस महायज्ञ में देश व प्रदेश के विभिन्न अखाडों के अनेकों संत महात्मा, यजमान सहित नगर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महंत भीम पुरी ने बताया कि महायज्ञ में आचार्य अभिषेक कुश,पं. गंगा प्रसाद व पं. अखिलेश तिवारी की अगुवाई में प्रतिदिन 41 विद्वान ब्राह्मणों के साथ 41 यजमान यज्ञ में आहुति डालेंगे। गांव धनीरामपुरा के सरपंच एवं मंदिर के अग्रणी सेवादार विकल कुमार चौबे ने बताया कि कि कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता जगभवान शर्मा डीडी, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि सहित अनेकों गणमान्यजन शामिल होंगे।



जानकारी देते महंत भीम पुरी।







# गणतंत्र दिवस विशेषांक-कुरुक्षेत्र
लाडवा


















## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया बसंत उत्सव

**थानेसर।** राधा स्वामी सत्संग भवन दयाल बाग शाखा सेक्टर 7 में बसंत उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, सांस्कृतिक गरिमा एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सत्संगियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की। शाखा सचिव ब्रिज बिहारी रतन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विशेष प्रस्तुतियाँ रहीं। बच्चों ने सुंदर पाठ, प्रश्नोत्तर सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी भावपूर्ण और अनुशासित प्रस्तुतियों ने उपस्थित सत्संगियों को गहराई से प्रभावित किया तथा सभी ने बच्चों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, सांस्कृतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक आदर्शों का विशेष ध्यान रखा गया।

### श्रीकृष्ण कृपा समिति की बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** परमपूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के प्रधान डॉ. ऋषि पाल ने बताया कि 26 जनवरी को 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही भव्य एवं गरिमामय रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ध्वजारोहण प्रातः 9:00 बजे किया जाएगा। बैठक में सत्संग संयोजक हंसराज सिंगला ने बताया कि समिति का मासिक दिव्य गीता सत्संग 24 फरवरी को कुरुक्षेत्र के न्यू कालोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सत्संग में पहुँचकर सत्संग का लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने जानकारी दी कि गौशाला के संरक्षण एवं होली पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 7 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा।

## राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा जिला स्तरीय समारोह में फहराएंगी ध्वज

# गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, छात्रों ने मचाया धमाल





### पुलिस की ओर से भी किए गए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला व ब्लॉक स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रशासन की ओर से पिछले कई दिनों से समारोह को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था। रविवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुलिस लाईन मैदान में फुलड्रेस रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एडीसी विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न टुकडियों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाईनल अवलोकन किया इससे पहले उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### तिरंगा फहराने को जिला प्रशासन तैयार

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट का आज फाइनल फुल ड्रेस अभ्यास पुलिस लाइन मैदान में किया गया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगी और मार्च पास्ट की सलामी लेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिला के स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों, आपातकालीन पीड़ित व हिंदी आंदोलन के सत्याग्रहियों को सम्मानित भी किया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड एचपीएस जितेश जिंदल कर रहे हैं। फाइनल रिहर्सल में जिला पुलिस की टुकड़ी पीएसआई ऋषि के नेतृत्व में जिला पुलिस महिला की टुकड़ी में एसआई दविंद्र कौर के नेतृत्व में, राजकीय रेलवे पुलिस पुरूष की टुकडी में एएसआई राज सिंह के नेतृत्व में, गृहरक्षी की टुकड़ी ने एसआई कपिल शर्मा के नेतृत्व में, एनसीसी प्रथम हरियाणा बटालियन की टुकड़ी ने कैडेट दीपांजली के नेतृत्व में, एसए जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल द्वारा स्काउटस एंड गाइड की टुकडी ने विशाल के नेतृत्व में, प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी ने अध्यन के नेतृत्व में, एसपीसी एस.ए. जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल दीपांशु के नेतृत्व में तथा पुलिस डीएवी स्कूल बैग पाइपर बैंड कमांडर कर्मजीत कौर के नेतृत्व में मार्चपास्ट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के तहत ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने फोर फोर्सिस पर आधारित है लहू में ईक चिंगारी पर अपनी प्रस्तुति दी। इसी प्रकार देव गुरूकुल दिनारपुर के विद्यार्थियों द्वारा फिजिकल एक्सरसाइज मलखंब, पीकेआर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी डांग धूम मची हरियाणे की,



पीकेआर जैन वाटिका स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा क्लासिकल डांस लहरा दो-लहरा दो, राजकीय कालेज अंबाला कैंट के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष नृत्य प्रस्तुति जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता का सुंदर संगम है की प्रस्तुति, एसवीएम बाल भारती स्कूल अंबाला शहर के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रगान की प्रस्तुति एसए जैन सीनियर माडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई। सोहन लाल डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार व योग की प्रस्तुति, मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा पीटी बैंड की प्रस्तुति, पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा प्रजातंत्र के प्रहरी की प्रस्तुति तथा विभिन्न राजकीय व प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी की भी बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, एसडीएम दर्शन कुमार,डीएसपी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जिला आयुवैदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला सैनिक बोर्ड से कर्नल श्योरण, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम नायब सैनी के जन्मदिवस पर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम हुआ

### 250 लोगों को निक्षय पोषण किट वितरित

### टीबी मुक्त उन्मूलन थीम पर चित्रकला व स्लोगन की प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रविवार को किंगफिशिर पर्यटन में मेरा आसमान संस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले शांति इमेजिंग सेंटर की ओर से टीबी मुक्त उन्मूलन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर व स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. कुलदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व अन्य वशिष्ठ अतिथियों ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके किया।



**अंबाला।** प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि हुए।

### टीबी उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजकों द्वारा यहां पर आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि टीबी मुक्त उन्मूलन के लिए कार्यक्रम में पहली कक्षा से पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा टीबी मुक्त उन्मूलन थीम पर चित्रकला व स्लोगन की प्रतियोगिता करवाई गई है जिसमें निजी व सरकारी स्कूल के लगभग 310 विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से निसंदेह बचपन से ही बच्चों को टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता मिलेगी। टीबी से बचाव बारे जो महत्वपूर्ण जानकारी है वह मिल सकेगी और बच्चे अभिभावकों व अन्य को भी इस बारे जागरूक करेंगे। ऐसा होने से टीबी अक्षय रोग पर शत प्रतिशत विजय हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम है जिसके सुप्रयास के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व आयोजकों को बधाई दी। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि टीबी से ग्रसित मरीजों से हमें घृणा नहीं करनी है बल्कि उन्हें इस बीमारी से निकालने के लिए संकल्प लेना है। निक्षय मित्र के माध्यम से उनकी सहायता करनी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बीमारी से निजात दिलाने के लिए 168 निक्षय शिविर लगाकर कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने मेरा आसमान संस्था के सहयोग से यहां पर लगभग 250 लोगों को निक्षय पोषण किट भी वितरित की। साथ ही पांच दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर भी वितरित की।

# मानव शरीर देवताओं के लिए भी दुर्लभ

## स्वामी कमलानंद गिरि बोले, कुरुक्षेत्र की 48 कोस भूमि देवताओं को अति प्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत प्रवचन कार्यक्रम के छठे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की 48 कोस की भूमि देवताओं को अत्यंत प्रिय है। यह यज्ञ, तप और भजन की भूमि है, जहां ऋषि-महर्षियों ने बैठकर धर्म का आचरण किया है। उन्होंने कहा कि कुछ विशेष भूमियों पर किया गया सत्कर्म करोड़ों गुणा फल प्रदान करता है। देवता सहर्ष उसे ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ स्थानों पर अच्छे कर्मों का पूर्ण फल प्राप्त नहीं हो पाता। कमलानंद गिरि महाराज ने बताया कि कौरव और पांडवों के पूर्वज राजा कुरु के नाम पर इस क्षेत्र का नाम कुरुक्षेत्र पड़ा। महाभारत युद्ध के दौरान वेदव्यास द्वारा संजय को दिव्य दृष्टि प्रदान की गई जिसके माध्यम से संजय ने धृतराष्ट्र को संपूर्ण युद्ध का वृतांत सुनाया। संजय ने ही धृतराष्ट्र



**अंबाला।** प्रवचन सुनते उपस्थित श्रद्धालु।

को गीता के अठारह अध्याय और सात सौ श्लोक सुनाए। स्वामी ने कहा कि जो मन का दास है वह संसार का दास बन जाता है। यदि मन की हर इच्छा मानी जाए तो व्यक्ति स्वामी नहीं, दास बनकर रह जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे बस की सीट को यात्री अपनी मान लेता है, लेकिन उतरते ही उसे छोड़ना पड़ता है, वैसे ही संसार की 'मेरी-मेरी' भावना क्षणिक है। उन्होंने मानव शरीर को अत्यंत दुर्लभ बताते हुए कहा कि देवता भी भारतवर्ष में मानव जन्म पाने की कामना करते हैं।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर 160 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना को लेकर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया और केक काटा गया। इस अवसर पर 160 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा एवं जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली विशेष रूप से उपस्थित रहे। हवन यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जीवन जनसेवा, सादगी और ईमानदारी का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे सामाजिक कार्य मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाते हैं और युवाओं को ऐसे कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए।



**शहजादपुर।** शिविर में रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता व मौजूद नेता।

### जरूरतमंदों की जान बचाना सबसे बड़ी सेवा

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सदैव गरीब, किसान, मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और जन्मदिन जैसे अवसरों पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाना सबसे बड़ी सेवा है। रक्तदान शिविर में पृथ्वी सिंह, परवेश शर्मा, नीलम अंधेरी एवं नरीन सैनी सहित अनेक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाता पृथ्वी सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से आत्मिक संतोष मिलता है। यह किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकता है। बलजीत सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान करके बड़ा ही अच्छा लगा है, मुख्यमंत्री जी निरंतर प्रदेश को आगे बढाने में लगे हुए है। सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए, क्योंकि यह एक सुरक्षित और पुण्य का कार्य है। परवेश शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और समाजसेवा में आगे आएं। नरीन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान कर उन्हें सच्ची शुभकामनाएं देना गर्व की बात है। हेल्थ चेकअप कैम्प में लोगों के रक्तचाप, शुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई।

### जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी ने हवन के साथ की नए सत्र की शुरूआत

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के नए सत्र की शुरूआत जयराम विद्यापीठ में हवन यज्ञ के साथ की। जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के पूर्व प्रधान चंदन अरोड़ा में नेतृत्व में नवनियुक्त प्रधान विकास आनंद, उपप्रधान बृजेश किंगर, सचिव महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज चौधरी और सभी सदस्यों ने जयराम विद्यापीठ परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन यज्ञ किया। विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डालीं। सभी ने जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का आशीर्वाद किया। जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के प्रधान विकास आनंद ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षभर सामाजिक कार्य बढ़ चढ़कर किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज नए सत्र की शुरूआत हवन यज्ञ के साथ की गई है। सभी सदस्यों ने परिवार सहित हवन यज्ञ में भाग लिया। हवन यज्ञ के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर ललित आनंद, विशाल सहगल, राजबीर सैनी, मनोज परूथी, विजय बजाज, अमित गुलाटी, जे पी कंबोज, रोहित मिड्ढा आदि रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सीएम का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन को लेकर सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस की शुरुआत भाजपा के जिला कार्यालय अंब कमल में विधिवत हवन यज्ञ के आयोजन के साथ की गई। हवन यज्ञ में सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।



**अंबाला।** सीएम सैनी के जन्मदिवस समारोह में मौजूद भाजपा नेता।

### मुख्यमंत्री जन्मदिन सेवा, उत्साह और जनसमर्थन

रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और आयोजन को समाजसेवा की भावना से जोड़ते हुए सफल बनाया गया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आम जनता के लिए जलेबी के भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन की सराहना की। इस मौके पर पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश के अपने लाडले और "मुस्कान मैन" मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी सरल कार्यशैली, ईमानदारी और जनकल्याणकारी नीतियों के कारण आज जन-जन के दिलों पर राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का जन्मदिन केवल प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है और हर नागरिक उनके दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर पूरे जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों, भंडारों और सेवा कार्यों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि इस दिन को समाजसेवा और जनकल्याण से जोड़ा जा सके। इस दौरान राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा,जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी सैनी,मंडल अध्यक्ष अमन सूद,दिनेश लदाना,मनीष आनंद,गुरजंट सिंह, जसविंदर सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन लाल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,निगम सदस्य हितेश जैन,अर्चना छिब्बर,मोनिका मल,भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,अनमोल सोबती,दिनेश सूद,अमरजीत सारंगपुर,जसबीर सिंह, संजीव गोयल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

